**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 21.06.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि योग समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज कई स्थानों पर योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- नशीले पदार्थ और इसके अवैध कारोबार के विरूद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से मोटर साइकिल रैली निकाली गई।
- प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के लिए ननकौड़ी द्वीपसमूह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- जलयान सिंधु कल सुबह आठ बजे मायाबंदर और डिगलीपुर होते हुए कोलकाता जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि योग समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है। योग की ये प्रेरणा हमारे सकारात्मक प्रयासों को ऊर्जा देती रहेगी। वे आज दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्रीनगर में आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योग की यात्रा अनवरत जारी है और दुनिया के कई देशों में योग दैनिक जीवन का अंग बन गया है। विश्व के कई बड़ें संस्थानों में योग पर शोध हो रहे हैं।

आज देश और दुनियाभर में योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग से मिली शक्ति को हम यहां महसूस कर रहे हैं।

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज कई स्थानों पर योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य समारोह पोर्ट ब्लेयर के गर्ल्स स्कूल सभागार में रखा गया। उप–राज्यपाल एडमिरल डी. के जोशी के नेतृत्व में सांसद बिष्णु पद रे, मुख्य सचिव केशव चन्द्र के अलावा अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। विशेष सचिव स्वास्थ्य और राष्ट्रीय आयुष मिशन के मिशन निदेशक डॉ. अनिल अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम समाप्त हुआ। डिगलीपुर से लेकर कैम्पबेल बे तक और भारत के दक्षिणी छोर इंदिरा प्वाइंट सहित करीब पचास स्थानों पर आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आम लोगों, जन–प्रतिनिधियों के अलावा सैन्य अधिकारियों और कर्मचारियों तथा स्कूली बच्चों ने भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिए। छोलदारी के सामुदायिक हॉल में मोटे अनाज पर जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। आंगनवाड़ी और पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में मोटे अनाज के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। अंडमान निकोबार पुलिस, वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, अंडमान निकोबार कमान, क्यारी, दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, इग्नू के क्षेत्रीय केन्द्र, बिल्लीग्राउंड सामुदायिक हॉल और द इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स के अंडमान निकोबार राज्य केन्द्र में भी आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

<><><><><><><>

नशीले पदार्थ और इसके अवैध कारोबार के विरूद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से मोटर साइकिल रैली निकाली गई। उप–पुलिस महानिरीक्षक संजय त्यागी ने इस रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। एक सौ से अधिक पुलिस के मोटर साइकिल चालकों ने इसमें भाग लिया। उप–पुलिस महानिरीक्षक ने अपने

संबोधन में नशीले पदार्थों और इसके अवैध कारोबार के विरूद्ध संघर्ष में आम जनता के सहयोग के प्रति आभार प्रकट करते हुए इस समस्या से निपटने के लिए संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अंडमान निकोबार पुलिस नशामुक्त समाज बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लोगों को शिक्षित करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम और सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं तथा उद्योग विभाग और अन्य विभागों की ओर से क्रियान्वित की जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए ननकौड़ी द्वीपसमूह में जन–जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कमोर्टा, कच्छाल, तरेसा, चौरा जैसे क्षेत्रों में आदिवासी परिषद, एन वाई के, बैंक और गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य बेरोज़गार युवाओं को स्वरोज़गार गतिविधियों में शामिल करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना है और मौके पर ही चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और उसके लाभ के बारे में जानकारी देना है, ताकि वे उन योजनाओं का लाभ उठा सके। ननकौड़ी द्वीप के इच्छुक बेरोज़गार युवा, जो निर्माण, सेवा और व्यापार क्षेत्र में वित्तीय सहायता प्राप्त कर स्वरोज़गार स्थापित करना चाहते हैं, उनसे फोटो, स्थानीय प्रमाणपत्र, आदिवासी प्रमाणपत्र और शैक्षणिक प्रमाणपत्रों जैसी जरूरी दस्तावेजों के साथ इन कार्यक्रमों में भाग लेने को कहा गया है।

<><><><><><><>

चिन्मया युवा केन्द्र की ओर से कल से मिशन के सभागार में तीन दिवसीय गैर–आवासीय युवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में अट्ठारह से पैंतीस वर्ष के युवा भाग ले सकते हैं।

<><><><><><><>

जलयान सिंधु कल सुबह आठ बजे मायाबंदर और डिगलीपुर होते हुए कोलकाता जाएगा। यात्रियों की स्वास्थ्य परीक्षा कल सुबह छः बजे आरंभ होगी।

इस बीच, एम वी स्वराज द्वीप नौ जुलाई को पोर्ट ब्लेयर से चेन्नई और बाईस जुलाई को पोर्ट ब्लेयर से विशाखापत्तनम जाएगा। अग्रिम टिकटों की बुकिंग चेन्नई के लिए पच्चीस जून और विशाखापत्तनम यात्रा के लिए छब्बीस जून को की जा सकती है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अंडमान के भागों मे कल बिजली की कटौती की जाएगी। मुख्य ट्रांसमिशन लाईनों के रखरखाव के लिए यह कटौती सुबह सात बजे से दिन में दो बजे तक होगी।

<><><><><><><>

इग्नू की लाइब्रेरी साइंस की प्रायोगिक परीक्षा सत्ताईस जून से दो जुलाई तक जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र में आरंभ होगी। इस बारे में जानकारियां इग्नू की परीक्षा और कॉलेज की अध्ययन केन्द्र की सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है।

<><><><><><><>

बॉक्सिंग एसोसिएशन अंडमान निकोबार ने राज्य ओलम्पिक संघ के सहयोग से कोचिंग की व्यवस्था की है। प्राथमिक और अग्रिम कोचिंग में भाग लेने वाले इच्छुक लोग अपने नाम तीस जून तक नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलम्पिक संघ कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक पैंतीस दशमलव पांच मिलीमीटर, लांग आइलैंड में बत्तीस दशमलव आठ, हटबे में पच्चीस, मायाबंदर में पन्द्रह, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में ग्यारह दशमलव चार और कार निकोबार में तीन मिलीमीटर वर्षा हुई। खराब मौसम और समुद्र के अशांत होने के कारण मछुआरों को तेईस से पच्चीस जून तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। कल से सत्ताईस जून तक

के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे।

<><><><><><><>